# Department :- Ayurved Samhita & Siddhant

Topic :- बौद्ध दर्शन

# दर्शन परिचय

- **दर्शन शब्द की व्युत्पत्ति**

  दृश् (धातु) + ल्युट् (प्रत्यय)

- **दर्शन का निरुक्ति**

  *दृश्यते अनेन इति दर्शनम् ।*

  *दृश्यते यथार्थतत्वमनेनेति।* (शास्त्रम्)

# भारतीय दर्शन

| आस्तिक दर्शन | नास्तिक दर्शन |
| --- | --- |
| • अस्ति ईश्वरः वा परलोक इत्येवं मतिर्यस्य स आस्तिकः<br>• जो वेदानुकूल विचारधारा वाले हैं | • नास्ति ईश्वरः वा परलोक इत्येवं मतिर्यस्य स नास्तिकः<br>• जो वेद के प्रतिकूल विचारधारा वाले हैं |

# भारतीय दर्शन




आस्तिक दर्शन
मीमांसा दर्शन
वेदांत दर्शन
वैशेषिक दर्शन
न्याय दर्शन
सांख्य दर्शन
योग दर्शन




नास्तिक दर्शन
जैन दर्शन
बौद्ध दर्शन
चार्वाक दर्शन

# बौद्ध दर्शन परिचय

- **प्रवर्तक** कपिलवस्तु नरेश शुद्धोदन के सुपुत्र सिद्धार्थ (बोध प्राप्ति बाद गौतम बुद्ध)
- **काल** (ई. पू. 523 - वैशाख शुक्ल पूर्णिमा ई. पू. 438)
- **महाभिनिष्क्रमण**
- **आर्यपर्यवेक्षणा काल**
- **संबोधि काल**
- **धर्मचक्र प्रवर्तन** (**सारनाथ**, सर्वप्रथम पांच भिक्षुओं को उपदेश)
- गौतम बुद्ध के जनकल्याण उपदेशों की भाषा मागधी थी।



# बौद्ध दर्शन परिचय

- **त्रिपिटक**

बुद्ध के उपदेशों को त्रिपिटक में संग्रहीत किया गया है जिसकी मूल भाषा पालि है।

1. विनय पिटक – धार्मिक अनुशासन, भिक्षु जीवन नियम
2. सुत्त पिटक – बुद्ध के सुत्त/व्याख्यान, वार्ता-संवाद के रूप में
3. अभिधम्म पिटक – मनोवैज्ञानिक नीतिशास्त्र का प्रतिपादन व प्रकरणवश अध्यात्म विद्या व दर्शन शास्त्र का भी प्रतिपादन

# बौद्ध दर्शन परिचय

- बौद्ध धर्म
  - हीनयान सम्प्रदाय
    - वैभाषिक
      - बाह्य जगत की सत्ता स्वीकार करता है, किन्तु उसे प्रत्यक्ष व क्षणभंगुर मानता है।
    - सौत्रान्तिक
      - बाह्य जगत की सत्ता स्वीकार करता है, किन्तु प्रत्यक्ष द्वारा ज्ञेय न मानकर अनुमान द्वारा ज्ञेय मानता है।
  - महायान सम्प्रदाय
    - माध्यमिक
      - **शून्यवाद**
        सर्वं शून्यम्
        शून्य को परम तत्त्व माना है
    - योगाचार
      - **विज्ञानवाद**
        बाह्य जगत की सत्ता को स्वीकार नहीं करता

# बौद्ध दर्शन परिचय

- आर्य सत्य
  - दु:ख
    - सर्वं दु:खम्
  - दु:ख समुदय:
    - प्रतीत्यसमुत्पाद, 12 निदान
      (जन्म-जरा-मरण, जाति, भव, उपादान, तृष्णा, वेदना, स्पर्श, षडायतन, नामरूप, विज्ञान, संस्कार, अविद्या)
  - दु:ख निरोध
  - दु:ख निरोध मार्ग
    - अष्टाङ्गिक मार्ग (सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक्, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् आजीविका, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् स्मृति, सम्यक् समाधि)

# प्रमुख सिद्धांत

- **क्षणभंगुरवाद**

*सर्वक्षणिकं क्षणिकम्। सर्वम् अनित्यम्।*

प्रत्येक वस्तु एक क्षण में उत्पन्न, दूसरे क्षण में स्थित रहती है और तीसरे क्षण में विनाश हो जाता है।

# प्रमुख सिद्धांत

- **प्रतीत्यसमुत्पाद**

  प्रतीत्य (किसी वस्तु की प्राप्ति होने पर) + समुत्पाद (अन्य वस्तु की उत्पत्ति)

  अर्थात् किसी वस्तु की प्राप्ति होने पर अन्य वस्तु की उत्पत्ति।

- **प्रमाण**

  दो प्रमाण माने गये हैं

  1. प्रत्यक्ष – कल्पना तथा भ्रांतिशून्य ज्ञान
  2. अनुमान – स्वार्थानुमान तथा परार्थानुमान

# प्रमुख सिद्धांत

- **अनातमवाद**

शाश्वत आत्मा को सत्य नहीं माना अनित्य आत्मा को सत्य माना है।

*सर्वम् अनात्मकम्*

आत्मा व भौतिक जगत दोनों की ही व्याख्या होती है।

बौद्ध दार्शनिक **नागसेन –** आत्मा को 5 स्कन्धों का संघात माना है (रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान)

# प्रमुख सिद्धांत

- ‘दुःख का मूल तृष्णा है
- दुःख निरोध हेतु आष्टाङ्गिक मार्ग (सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक्, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् आजीविका, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् स्मृति, सम्यक् समाधि)



# बौद्ध दर्शन के सिद्धांतों का आयुर्वेद पर प्रभाव

- बौद्ध दर्शन में दो प्रमाण माने गये हैं और आयुर्वेद में भी विबुध के लिए दो परीक्षा बताई गयी हैं – प्रत्यक्ष व अनुमान
- पुनर्जन्म
- कर्मफल – कर्मज व्याधि
- दुःख निवृत्ति - *सर्वं दुःखम्* - *आतुरस्य विकारप्रशमनम्, विकारो दुःखमेव च*
- निरात्मवाद पक्ष का उल्लेख चरकसंहिता शारीरस्थान १/४६-४७ तथा निरात्मवाद का खंडन भी मिलता है (च. शा. १/४८-५१)।


धन्यवाद